पंचदश बिहार विधान सभा

चतुर्दश सत्र

दैनिक विवरणिका

संख्या-17 सोमवार, दिनांक- 21 जुलाई, 2014 ई० ।

माननीय अध्यक्ष, श्री उदय नारायण चौधरी की अध्यक्षता में सभा की बैठक प्रारंभ हुई ।

समय : 11.00 बजे पूर्वाह्न से 11.10 बजे पूर्वा० तक

माननीय अध्यक्ष महोदय के आसन ग्रहण करते ही नेता प्रतिपक्ष द्वारा औरंगाबाद में हुई गोलीकांड पर सरकार से वक्तव्य की मांग की गई । सरकार द्वारा कहा गया कि आज गृह विभाग की मांग पर विमर्श है उसमें इसकी चर्चा होगी लेकिन भाजपा के माननीय सदस्यगण इसी विषय को लेकर शोर-गुल करने लगे और वेल में आ गए ।

आसन से अनेकों बार उनसे अनुरोध किया गया कि वे शांत रहें और जो भी कहना है अपनी सीट पर जाकर कहें लेकिन सदन में शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 12.00 बजे मध्याह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

स्थगनोपरांत

समय- 12.00 बजे मध्या० से 12.10 बजे अप० तक

[1] कार्यस्थगन :-

माननीय सदस्य श्री प्रेम कुमार, श्री दिनेश कुमार सिंह, श्री अरूण कुमार सिन्हा एवं श्री राघवेन्द्र प्रताप सिंह से प्राप्त कार्यस्थगन की सूचना नियमानुकूल नहीं रहने के कारण आसन से अमान्य किये जाने की घोषणा की गई ।

[2] सभा मेज पर कागजात का रखा जाना :-

(i) माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजेन्द्र प्रसाद यादव द्वारा बिहार स्थानीय क्षेत्र में उपभोग, व्यवहार अथवा बिक्री हेतु मालों के प्रवेश पर कर अधिनियम, 1993 की धारा-9(4) के तहत अधिसूचना संख्या-एस०ओ०-06, दिनांक-22.01.2014 एवं एस०ओ०-08, दिनांक-22.01.2014 तथा बिहार मूल्यवर्द्धित कर अधिनियम, 2005 की धारा-99 के तहत अधिसूचना संख्या-एस०ओ०-10, दिनांक-22.01.2014 की प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

आसन से घोषणा की गई कि इसकी प्रति 14 दिनों तक सदन पटल पर रखा रहेगा ।

(ii) माननीय सभापति निवेदन समिति श्री शालिग्राम यादव द्वारा समिति का 78वाँ, 79वाँ, 80वाँ, 81वाँ, 82वाँ एवं 83वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iii) माननीय सदस्य शून्यकाल समिति श्री संतोष कुमार निराला द्वारा समिति का 82वाँ (विशेष), 83वाँ एवं 84वें प्रतिवेदन की एक-एक प्रति को सदन पटल पर रखा गया ।

(iv) प्रभारी सचिव द्वारा कुल 42 याचिकाओं को सदन पटल पर रखा गया ।

[3] <u>ध्यानाकर्षण सूचना</u> :-

(i) माननीय सदस्य श्री जनक सिंह एवं अन्य सभासदों का दिनांक 17.07.2014 से स्थगित समाज कल्याण विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना का उत्तर माननीय मंत्री श्रीमती लेशी सिंह द्वारा दिया गया ।

(ii) माननीय सदस्य श्री प्रेम रंजन पटेल एवं अन्य सभासदों का उर्जा विभाग / राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना अपृष्ट हुआ ।

(iii) मा० सदस्या श्रीमती रेणु कुमारी एवं अन्य सभासदों का मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग से संबंधित ध्यानाकर्षण सूचना को मा० सदस्या द्वारा पढ़ा गया तथा इसके उत्तर के लिए सरकार द्वारा समय लिया गया ।

''इस दौरान भाजपा के माननीय सदस्यगण अपनी मांग को लेकर वेल में शोरगुल करते रहे ।

आसन से बार-बार अनुरोध के बाद भी शांति कायम नहीं हो सकी और सभा की बैठक 02.00 बजे अप० तक के लिए स्थगित हुई ।

<u>भोजनावकाश के बाद</u>

समय- 2.00 बजे अप० से 05.05 बजे अप० तक ।

[4] <u>वित्तीय कार्य :- वित्तीय वर्ष 2014-15 के आय-व्ययक में सम्मिलित अनुदानों की मांगों पर वाद-विवाद एवं मतदान :-''गृह विभाग''</u>

माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा गृह विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया गया ।

माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर द्वारा गृह विभाग के अनुदान की मांग पर विचार विमर्श हेतु कटौती का प्रस्ताव प्रस्तुत किया गया तथा पक्ष रखा गया ।

अनुदान की मांग तथा कटौती प्रस्ताव पर वाद-विवाद में निम्नांकित माननीय सदस्यों ने भाग लिया :-

(i) श्री मनोहर प्रसाद सिंह (ii) श्री दुर्गा प्रसाद सिंह

(इस अवसर पर अध्यासी सदस्य श्री हरिनारायण सिंह द्वारा आसन ग्रहण किया गया)

(iii) श्री मंजीत कुमार सिंह (iv) डॉ० मो० जावेद

(v) श्री अरूण कुमार सिन्हा (vi) डा० इजहार अहमद

(vii) श्री अरूण शंकर प्रसाद (viii) श्री कृष्णनन्दन यादव

(ix) श्री जवाहर प्रसाद

(इस अवसर पर माननीय अध्यक्ष महोदय ने आसन ग्रहण किया)

माननीय प्रभारी मंत्री श्री विजय कुमार चौधरी द्वारा सरकार की ओर से वाद-विवाद का उत्तर दिया गया ।

''उत्तर से असंतुष्ट होकर भाजपा के माननीय सदस्यगण सदन से बहिर्गमन कर गए ।''

सदन द्वारा माननीय सदस्य श्री विक्रम कुँवर का कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुआ तथा गृह विभाग से संबंधित अनुदान की मांग का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ ।

तत्पश्चात् शेष अनुदान की मांगें बारी-बारी से गिलोटिन (मुखबंध) द्वारा सदन से स्वीकृत हुआ ।

[5] <u>निवेदन</u> :-

आसन से घोषणा की गई कि आज के लिए स्वीकृत कुल 26 निवेदनों को सदन की सहमति से संबंधित विभागों को भेज दिए जाएगें ।

[6] <u>शोक प्रकाश</u> :-

माननीय अध्यक्ष महोदय ने श्री जगदीश चौधरी, पूर्व स०वि०स० के निधन पर शोक प्रकट करते हुए दिवंगत आत्मा की चिरशांति एवं शोकाकुल परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने हेतु ईश्वर से प्रार्थना की ।

तदुपरांत सभी माननीय सदस्यों ने एक मिनट मौन खड़े होकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की ।

माननीय अध्यक्ष महोदय ने निदेश दिया कि शोक संवेदना शोकाकुल परिवार के पास भेज दिया जाए ।

तत्पश्चात् सभा की बैठक मंगलवार, दिनांक 22 जुलाई, 2014 के 11.00 बजे पूर्वाह्न तक के लिए स्थगित हुई ।

पटना

दिनांक-21.07.2014

हरेराम मुखिया
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।